ग्रामीण कृषि मौसम सेवा
भारत मौसम विज्ञान विभाग
गोविंद बल्लभ पंत कृषि और प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय
उधम सिंह नगर, पंतनगर, उत्तराखंड

मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

दिनांक : 11-05-2021

नैनीताल(उत्तराखंड) के मौसम का पूर्वानुमान - जारी करनेका दिन :2021-05-11 (अगले 5 दिनों के 8:30 IST तक वैध)

मौसम कारक	2021-05-12	2021-05-13	2021-05-14	2021-05-15	2021-05-16
वर्षा (मिमी)	7.0	20.0	35.0	10.0	3.0
अधिकतम तापमान(से.)	22.0	21.0	20.0	21.0	22.0
न्यूनतम तापमान(से.)	10.0	10.0	10.0	11.0	11.0
अधिकतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	65	75	75	75	70
न्यूनतम सापेक्षिक आर्द्रता (%)	50	55	55	50	50
हवा की गति (किमी प्रति घंटा)	6.0	8.0	8.0	6.0	6.0
पवन दिशा (डिग्री)	120	120	110	110	110
क्लाउड कवर (ओक्टा)	4	7	6	3	3

मौसम सारांश / चेतावनी:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है| हवा के 6.0-8.0 किमी/घंटे की गति से पूर्व-दक्षिण-पूर्व दिशा से चलने का अनुमान है। अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान क्रमशः 20.0 से 22.0 व 10.0 से 11.0 डिग्री सेल्सियस रहेगा| ईआरएफएस के अनुसार, 16-22 मई के दौरान राज्य में वर्षा सामान्य से कम तथा अधिकतम एवम् न्यूनतम तापमान सामान्य रहने का अनुमान हैं। आगामी 11 से 14 मई को, कही-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की चेतावनी दी गई है तथा 12 व 13 मई को कुछ स्थानो पर ओला भी गिर सकता है|

सामान्य सलाहकार:

कोविड-19 के गंभीर फैलाव को देखते हुए किसानों को सलाह है कि तैयार फसलों की कटाई तथा अन्य कृषि कार्यो के दौरान भारत सरकार द्वारा दिये गये दिशा निर्देशो जैसे व्यक्तिगत सुरक्षा, मास्क का उपयोग, साबुन से उचित अन्तराल पर हाथ धोना तथा एक दूसरे से सामाजिक दूरी बनाये रखने पर विशेष ध्यान दें| भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त एनडीवीआई व एसपीआई मानचित्रों ने संकेत दिया कि नैनीताल जिले के लिए एनडीवीआई 0.1-0.35 के बीच है, यानी जिले में कृषि स्थिति मध्यम है तथा एसपीआई मानचित्र पिछले 4 हफ्तों से नैनीताल जिले में हल्की नमी की स्थिति दर्शाता है।

लघु संदेश सलाहकार:

आगामी पांच दिनों में हल्की से मध्यम वर्षा होने की संभावना है| 11 से 14 मई को, कही-कहीं गरज-चमक के साथ बिजली गिरने तथा 12 व 13 मई को कुछ स्थानो पर ओला गिरने की चेतावनी दी है|

फ़सल विशिष्ट सलाह:

फ़सल	फ़सल विशिष्ट सलाह
टमाटर	आगामी दिनों में वर्षा की सम्भावना को देखते हुए, टमाटर की फसल में कीट नियंत्रण हेतु रसायनों का छिड़काव मौसम साफ होने पर करें। आज किसी-किसी स्थानों पर ओला गिरने की चेतावनी को ध्यान में रखते हुए, खड़ी बीज वाली फसलों को ओलों से बचाने के लिए एंटी-हेल नेट (नायलॉन नेट) का उपयोग करें।
धनिया	घाटी क्षेत्रो में तैयार धनियॉ की फसल को बाजार में बिक्री करें।

बागवानी विशिष्ट सलाह:

बागवानी	बागवानी विशिष्ट सलाह
शिमला मिर्च	मध्यम व उॅचे पर्वतीय क्षेत्रो मे पॉलीहाउस मे शिमलामिर्च की पौध का रोपण करें। साथ ही साथ वर्षा को ध्यान में रखते हुए नमी संरक्षण की समुचित व्यवस्था रखें।

पशुपालन विशिष्ट सलाह:

पशुपालन	पशुपालन विशिष्ट सलाह
भेंस	किसान भाई गलघोंटू तथा लंगड़ी बुखार जैसे जीवाणुजनित रोगो से अपने पशुओं को बचाने हेतु पशुचिकित्सक की सलाह से टीकाकरण करवाएं।